मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-288
30/04/2023

# मुख्यमंत्री ने जे0पी0 गंगा पथ के बचे हुए निर्माण कार्य का लिया जायजा, गंगा नदी पर निर्माणाधीन कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन ग्रीन फिल्ड पुल परियोजना का भी लिया जायजा, निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का अधिकारियों को दिया निर्देश

- जे0पी0 गंगा पथ के बचे हुए निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें ताकि लोगों का आवागमन और आसान हो सके।

- कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन ग्रीन फिल्ड पुल का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें। गंगा नदी पर इस पुल के बन जाने से लोगों को काफी सहूलियत होगी।

पटना, 30 अप्रैल 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं– जे0पी0 गंगा पथ परियोजना के बचे हुए निर्माण कार्य तथा गंगा नदी पर निर्माणाधीन कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन ग्रीन फिल्ड पुल परियोजना के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री जे0पी0 गंगा पथ होते हुए गायघाट पहुंचे और वहां कराये जा रहे निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने बताया कि जे0पी0 गंगा पथ का गायघाट तक निर्माण कार्य जून माह तक पूर्ण हो जायेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पटना की आबादी बढ़ रही है। इसे ध्यान में रखते हुए जे0पी0 गंगा पथ का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जे0पी0 गंगा पथ के बचे हुए निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें ताकि लोगों का आवागमन और आसान हो सके। गंगा नदी में गंदा पानी नहीं गिरे इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। गंदे पानी को सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट के माध्यम से शुद्ध करने की व्यवस्था करें।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री कच्ची दरगाह पहुँचे और गंगा नदी पर निर्माणाधीन कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन ग्रीन फिल्ड पुल परियोजना के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से निर्माण कार्य के विभिन्न अवयवों एवं प्रगति कार्य के संबंध में

जानकारी देते हुए बताया कि कच्ची दरगाह से राघोपुर तक का निर्माण कार्य दिसंबर 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा और बाकी बचे हुए निर्माण कार्य भी जल्द से जल्द पूर्ण कर लिये जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान कहा कि उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार की संपर्कता और बेहतर करने के लिए कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल का निर्माण कराया जा रहा है। राजधानी के पूर्वी हिस्से के लोगों का आवागमन सुगम बनाने के लिए जे0पी0 गंगा पथ से इसे जोड़ा जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि इस परियोजना को जल्द से जल्द पूर्ण करें। इसको लेकर सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। गंगा नदी पर इस पुल के बन जाने से लोगों को काफी सहूलियत होगी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री संदीप कुमार आर0 पुडक्कलकट्टी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा समेत अन्य वरीय अधीकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

कच्ची दरगाह में निर्माण कार्य का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि इस पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने आज हमलोग यहां आये हैं। हमने अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूरा कराने को लेकर निर्देश दिया है। बीच में कोरोना के कारण निर्माण कार्य में दिक्कत हुई। हमलोग चाहते हैं कि इस साल के अंत या फिर अगले साल के शुरुआती एक–दो महीने में निर्माण कार्य पूर्ण हो जाय। निर्माण कार्य पूरा होने से लोगों को आने–जाने में काफी सुविधा होगी। जे0पी0 गंगा पथ हमलोग बनवा रहे हैं। इसी साल इसका निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा।

नालंदा से लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सबकी चिंता आपलोग मत कीजिए।

******